# महत्वपूर्ण एवं खास

## बरमकेला के ग्राम तौंसीर में 22 अगस्त को होगा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य के संचालनालय आयुष चिकित्सा से प्राप्त निर्देषानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ व खण्ड चिकित्सा अधिकारी बरमकेला के मार्गदर्शन में बरमकेला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम तौंसीर के शास. प्राथमिक शाला तौसीर में खण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 22 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक निःशुल्क जांच एवं औषधी वितरण किया जाएगा। आम जनता इस निःशुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

## तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में जा घुसी, चालक की मौत

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले में तेज रफ्तार एसयूवी कार खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दोस्त गंभीर रूप से घायल है। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे हुआ। कार इतनी रफ्तार में थी कि ट्रक से टकराने के बाद चकनाचूर हो गई। इंजन वाला हिस्सा पूरी तरह अंदर की ओर धंस गया है। बताया जा रहा है कि कार बनने आई थी, जिसे ट्रायल के लिए लेकर गए थे, तभी हादसा हुआ है। रद्यह्यश क्रद्गड्डस्र - रूरूर देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार कोर्ट लेकर जा रही पुलिस स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस का सिलेंडर ले जाने वाला ट्रक ट्रक अवंती बाई चौक के पास सडक़ किनारे खड़ा था, तभी एक कार तेज रफ्तार में आई। कार को राधिका नगर निवासी विनय मिश्रा चला रहा था। उसके बगल में फरीद नगर निवासी शफीक खान नाम का युवक बैठा था। पुलिस ने बताया कि विनय कार को कंट्रोल नहीं कर पाया। सडक़ किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसा। हादसे में कार के एयर बैग नहीं खुलने से ड्राइवर उसी के साथ दब गया। विनय मिश्रा को काफी अंदरुनी चोटें आई है।

## सीमेंट प्लांट में मजदूर की मौत

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** जिले के रिसदा स्थित न्युविस्टा सीमेंट संयंत्र में देर रात एक दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सीमेंट प्लांट के अंदर जब मजदूर सायक्लोन में काम कर रहा था, तभी उसके ऊपर कोई भारी वस्तु गिर गई। इस घटना में मजद्दोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से प्लांट में हडक़ंप मच गया। कंपनी प्रबंधन ने तुरंत घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गई थी। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, सीमेंट प्लांट में यह हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। मृतक पोषण यादव 26 वर्ष सोनाडीह गांव का निवासी था और ठेकेदार के अंतर्गत काम कर रहा था। कंपनी में शटडाउन चल रहा था और मजदूर मात्र दो दिन पहले ही प्लांट में काम पर आया था। इस घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल कंपनी प्लांट के मजदूरों और मृतक के परिजनों से बातचीत कर रही है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलरामपुर (आरएनएस)।** जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक बालक झुलस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला राजपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव का है. रक्षाबंधन त्योहार के दिन दोपहर में 10 वर्षीय कपिल कोरवा अपने दोस्त के साथ खुखड़ी (मशरूम) बीनने के लिए घर से जंगल की ओर निकला था. इस बीच तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हो गई. बारिश से बचने के लिए कपिल एक पेड़ का सहारा लेकर उसके नीचे खड़ा हो गया, जबकि उसका दोस्त पानी में भीगते हुए घर लौट गया. इसी दौरान आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी और कपिल उसकी चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. बालक के मौत से घर में मातम पसर गया है.

# जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए, कलेक्टर ने दिए निर्देश

- जनदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनने से अमृतलाल सिदार को इलाज में मिलेगी सुविधा



**रायगढ़**

तहसील पुसौर के ग्राम-जामपाली निवासी अपने हार्ट की बीमारी के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को बताया उन्हें हार्ट की बीमारी है। जिसका दो बार वे इलाज करा चुके है और इलाज के दौरान उनकी जो भी जमा पूंजी थी वह सब कुछ खत्म हो गई है। वर्तमान में डॉक्टरों ने उनके इलाज पर फिर से काफी खर्च बताया है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की बात कही। जिस पर कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को बुलाकर शीघ्र ही आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड का प्रोसेस करते हुए उसका नंबर जारी कराया। जिससे उन्हें अब आगे अपने इलाज में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास, सड़क और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।

तहसील पुसौर के 74 वर्षीय मुरलीधर मेहर वृद्धा पेंशन राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन के लिए वे पूर्व में आवेदन कर चुके है, लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें एक बार भी राशि नहीं मिली है। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है साथ ही वृद्ध होने की वजह से वे कही और दौड़ भाग नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि पेंशन राशि मिलती तो जीवन-यापन के लिए सुविधा होती। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारी को उक्त आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ के रामजाने भारद्वाज अपने मोहल्लेवासियों के साथ नाली निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि जेलपारा वार्ड नंबर 29 में कायाघाट मुक्तिधाम के पास उदय आटले से संतोष सतनामी घर के पास लगभग 8 फुट का नाली टूट गया है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं बरसात के समय नाली का पूरा गंदा पानी घरों में घूस रहा है। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को मौका-मुआयना करते हुए आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

शैक्षणिक ऋण निधि राशि दिलवाये जाने के संबंध में पुसौर के अंकित गुप्ता जनदर्शन में आये थे। उन्होंने बताया कि वे कालेज ऑफ नर्सिंग अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में अध्ययनरत है। निम्न वर्गीय कृषक परिवार के होने के साथ ही और आय का कोई और विकल्प न होने के कारण आगे की पढ़ाई हेतु उन्हें दिक्कते हो रही है। उन्होंने शैक्षणिक निधि ऋण राशि हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही करते हुए इजुकेशन लोन दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। कयाघाट रायगढ़ के मोहल्लेवासी भू-स्वामी पट्टा प्रदाय करने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि विगत 50 वर्षो से वहां निवास कर रहे है और नगर निगम में नियमित रूप से टेक्स भी अदा कर रहे है। लेकिन भूस्वामी पट्टा नहीं मिलने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर गोयल ने एसडीएम रायगढ़ को आवेदन पर जांच करते हुए उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। सुभाष नगर कालोनी रायगढ़ की दीपाली दास श्रमिक प्रसुति सहायता योजना के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि श्रमिक प्रसुति सहायता योजना के तहत उन्होंने ऑनलाईन आवेदन किया है। उनके द्वारा दस्तावेज सही जमा कराया गया है लेकिन उसके बावजूद भी उनका आवेदन निरस्त किया जा रहा है। जिससे उनका इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने श्रम अधिकारी को मौके पर बुलाकर आवेदन की जांच करते हुए पात्र होने पर योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसम्पर्क की छायाचित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवनवृत्त और शासन की योजनाओं का किया जा रहा टाउन हॉल में प्रदर्शन
- प्रदर्शनी देखने रोज पहुंच रहे विद्यार्थी और विभिन्न वर्ग के लोग
- स्कूली विद्यार्थियों के बीच क्विज और वाद-विवाद प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन

**रायपुर | आरएनएस**

78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और विभिन्न वर्ग समुदाय के लोग टाउन हॉल पहुंच रहे हैं। यहां प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी में स्कूली विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक है।

प्रदर्शनी देखने के लिए यहां प्रतिदिन आने वाले स्कूली विद्यार्थियों के मध्य क्विज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन तथा विजयी प्रतिभागियों को तत्काल मिलने वाले पुरस्कार से प्रदर्शनी को लेकर स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं में रूझान बढ़ा है। क्विज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए इस क्षेत्र के अनुभवी अनंत विकास अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्कूली विद्यार्थियों के मध्य आयोजित उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के इतिहास, भूगोल, पुरातत्व पर्यटन, संस्कृति, लोक कला, खेती-किसानी सहित अन्य विषय पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं और सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है।

भिलाई की रहने वाली नर्सिंग की छात्रा चेतना साहू आज टाउन हॉल पहुंची प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद उन्होंने कहा कि ऐसी रोचक और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी पहली बार देखी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के वीर क्रांतिकारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। यह लोगों और विशेष कर युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक व उपयोगी है। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं की जानकारी सिर्फ राज्योत्सव के स्टाल में देखने को मिलती थी। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का यह प्रयास सराहनीय है। अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वीर सपूतों और पुरोधाओं के बारे में रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारियां छायाचित्र में प्रदर्शित की गई है, जो नई पीढ़ी और युवाओं के लिए प्रेरक है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किया था। सात दिवसीय यह प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। छायाचित्र प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों का योगदान और उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज, स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान उनकी जीवन यात्रा, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन एवं स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है।

# मच्छर से बचाव के लिए स्कूल में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



बिलाईगढ़ विधानसभा के स्कूल में विश्व मच्छर दिवस के मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने विश्व मच्छर दिवस का कार्यक्रम रखा गया, जहाँ जिला चिकित्साअधिकारी डॉ. एफ.आर.निराला कार्यक्रम में शामिल हुए, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए मच्छर के बारे में जानकारी दी और बताया कि मच्छर के काटने व उनके द्वारा फैलाने से मलेरिया,फाइलेरिया व डेंगू चिकनगुनियाँ जैसे कई गंभीर बीमारियाँ होने लगता हैं। इनसे बचने के लिए अपने आसपास में पानी जमा न होने दे व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये साथ ही मच्छर को न पनपने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि मिट्टी का तेल, जले हुए मोबिल आईल का जमे हुए पानी में छिड़काव करें ताकि उनके मच्छर और उसके लार्वा मर जाये।

# उद्योगों को सेवाओं की सुलभता हेतु सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ

- स्थानीय उद्यमियों को ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग की जानकारी देने 21 अगस्त को होगी जिला स्तरीय कार्यशाला

**रायगढ़**

प्रदेश के उद्योगों को 16 विभागों वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, जल संसाधन विभाग, भू-अभिलेख, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना विभाग, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएँ, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, मुख्य विद्युत निरीक्षणालय और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से मिलने वाली 90 सेवाओं को सिंगल विण्डो सिस्टम 210 के जरिए उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है।

स्थानीय उद्योगों के उद्यमियों को उक्त पोर्टल का उपयोग करने के लिए समुचित प्रचार-प्रसार हेतु 21 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा जिले के अधिक से अधिक उद्यमियों को उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 806.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर | आरएनएस**



राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 806.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 20 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1740.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 440.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 799.1 मिमी, बलरामपुर में 1160.5 मिमी, जशपुर में 648.0 मिमी, कोरिया में 815.9 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 817.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 689.8 मिमी, बलौदाबाजार में 828.5 मिमी, गरियाबंद में 766.3 मिमी, महासमुंद में 580.5 मिमी, धमतरी में 729.1 मिमी, बिलासपुर में 715.0 मिमी, मुंगेली में 789.3 मिमी, रायगढ़ में 722.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 458.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 800.0 मिमी, सक्ती 677.4 मिमी, कोरबा में 1006.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 756.7 मिमी, दुर्ग में 512.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 640.1 मिमी, राजनांदगांव में 836.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 935.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 595.4 मिमी, बालोद में 857.1 मिमी, बेमेतरा में 464.9 मिमी, बस्तर में 886.6 मिमी, कोण्डागांव में 803.9 मिमी, कांकेर में 1039.4 मिमी, नारायणपुर में 944.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 1025.1 मिमी और सुकमा जिले में 1118.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# देवभोग की चेतना सोना ने दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से किया संवाद

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को बांधी राखी
- पहली बार राष्ट्रपति संवाद के लिए प्रदेश के पांच जिलों से चयनित छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा ले जाया गया था दिल्ली
- चेतना बोली यह क्षण ऐतिहासिक है मेरे लिए, पहली बार मैंने हवाई जहाज से सफर किया
- कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने दी चेतना सोना को बधाई एवं शुभकामनाएं

**गरियाबंद | आरएनएस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रक्षाबंधन के अवसर पर भेंट कार्यक्रम के तहत प्रदेष के पांच जिलों से शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय द्वारा दिल्ली के लिए रवाना किये गये इस टीम में रायपुर संभाग के पांच छात्राओं का चयन किया गया था। जिसमें गरियाबंद जिले से शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देवभोग की कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी चेतना सोना ने भी प्रतिनिधित्व किया था। रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति भवन दिल्ली में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट कर संवाद किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं के प्रतिनिधि मंडल में शामिल चेतना सोना ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के कलाई में राखी बांधी। इस उपलब्धि पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल सहित जिला षिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने चेतना सोना को शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम में प्रदेश की बेटियों का हाल जाना। राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात के बाद हुई चर्चा में चेतना ने बताया कि यह पल उसके लिए अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक रहा। चेतना ने पहली बार की हवाई यात्रा के अनुभव को भी साझा करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया। इसके लिए चेतना ने जिला प्रशासन एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि जिले के पांच विकासखण्ड में शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त विभिन्न विधाओं में चेतना की सक्रियता व भागीदारी थी, जिसके चलते देवभोग के शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा चेतना का चयन इस कार्यक्रम के लिए हुआ था। इसके अलावा सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम व खेलकूद में भी सक्रिय रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303

E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# सावन के अंतिम रविवार, सोमवार को विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग भूतेश्वरनाथ का हुआ भव्य महाजलाभिषेक : 80 फिट ऊंचाई से शिवलिंग में अर्पण किया गया दूध और जल

**गरियाबंद | आरएनएस**




सावन के अंतिम रविवार को विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ शिवलिंग का महाजलाभिषेक और दुग्धाभिषेक हुआ।यहां करीब 80 फिट से ज्यादा ऊंचाई से शिवलिंग पर दूध और जल अर्पण किया गया। महाजलाभिषेक का आयोजन महाकाल सेना सुभाष चौक नवयुवक मण्डल गरियाबंद के तत्वाधान में किया, वही सोमवार को रक्षा बंधन के दिन भी भक्तो की भीड़ देखने को मिला।इसमें बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव भी शामिल हुए।उन्होंने भगवान भूतेश्वरनाथ की पूजा अर्चना कर जिले सहित समूचे प्रदेश के खुशहाली की कामना की।

उल्लेखनीय है कि यह लगातार दूसरा वर्ष जब भगवान भोलेनाथ का भव्य महाजलाभिषेक किया गया। इस वर्ष भी अभिषेक के लिए विशेष रूप से क्रेन की व्यवस्था की गई है।महाजलाभिषेक को लेकर हजारो की संख्या में यहां पहुंचे शिवभक्त और श्रध्दालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।इसके पहले मंत्रोपचार के साथ रुद्रतीरुद्राभिषेक और भगवान शिव की महाआरती की गई।शाम 5:30 बजे से महाअनुष्ठान शुरू किया गया। कवर्धा,मुंगेली और राजिम से आए महाराजगणो द्वारा रुद्रतीरुद्राभिषेक कराया गया।आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु में काफी उत्साह देखने को मिला।दूर दराज से आए कावडिय़ा और शिव भक्त सभी शिव भक्ति में लीन नजर आए।कार्यक्रम के संयोजक उत्तम कुमार सोनी ने कहा की महाजलाभिषेके का यह लगातर दूसरा वर्ष सफल रहा। भूतेश्वरनाथ सेवा समिति,नगरवासियों और ग्रामीणों के सहयोग से यह शुभ कार्य सम्पन्न हुआ।कहा कि सावन माह में भूतेश्वरनाथ का जलाभिषेक का अवसर मिलना सौभाग्य है। भोले बाबा के आशीर्वाद से गरियाबंद में विकास और तरक्की हो यहीं कामना है।इस अवसर पर विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि भगवान शिव पूरे देश में आस्था ओर विकास के प्रतीक है।सावन माह भगवान शिव को समर्पित है।ऐसे शुभ अवसर में महाजलाभिषेक से भगवान भूतेश्वरनाथ का आशीर्वाद पूरे क्षेत्र को मिलेगा।यह आयोजन गरियाबंद के लिए अद्भुत,आलौकिक और गौरवपूर्ण क्षण है।मै भगवान भूतेश्वरनाथ से प्रदेश के खुशहाली और तरक्की की कामना करता हूं।इसके उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन समिति,भूतेश्वरनाथ सेवा समिति सहित सभी ग्रामीणों को बधाई ज्ञापित की।